
CMYK CMYK



जागरूक टाइम्स
jagruktimes.co.in
सिरोही, मंगलवार, 21 जनवरी 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 05 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.

# डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने



## पत्नी के साथ व्हाइट हाउस पहुंचे ट्रंप, जो. बाइडन ने स्वागत किया

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प भारतीय समयानुसार रात 10.30 बजे अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बन गए। उन्होंने 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। उनका शपथ ग्रहण समारोह वॉशिंगटन डीसी के यूएस कैपिटल हिल (संसद) के अंदर हुआ। कड़कड़ाती ठंड की वजह से 40 साल बाद शपथ ग्रहण इनडोर में रखा गया। अभी राजधानी का माइनस 5 डिग्री सेल्सियस टेम्परेचर है। 1985 में रोनाल्ड



रीगन का शपथ ग्रहण यूएस कैपिटल हिल में हुआ था। ट्रम्प पत्नी मेलानिया के साथ व्हाइट हाउस पहुंचे। यहां उनका स्वागत राष्ट्रपति जो बाइडेन ने किया। उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ट्रम्प को बधाई दी है और कहा है कि वे रूस-यूक्रेन जंग और परमाणु हथियार के मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार हैं। शपथ ग्रहण में इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत 700 से ज्यादा नेता और हस्तियां मौजूद रहेंगी। उधर, पद छोड़ने से कुछ घंटे पहले राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार को कई लोगों को अग्रिम माफी दे दी। इनमें डॉ. एंथनी फाउची, जनरल मार्क मिले और 6 जनवरी कैपिटल हिल हमले की जांच के लिए गठित समिति के सदस्य शामिल हैं। इससे पहले नव-निर्वाचित राष्ट्रपति चर्च पहुंचे थे।

### आरजी मेडिकल कॉलेज कांड

## कोर्ट ने संजय रॉय को दी उम्र कैद की सजा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता स्थित सरकारी आर जी कर मेडिकल कॉलेज और



अस्पताल में पिछले साल अगस्त में एक महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए संजय रॉय को सियालदह की अदालत ने सोमवार को आजीवन कारवास की सजा सुनाई।

सियालदह के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत ने शनिवार को रॉय को पिछले वर्ष नौ अगस्त को अस्पताल में महिला ट्रेनी डाक्टर के खिलाफ हुए जघन्य अपराध के मामले में दोषी ठहराया था। वहीं, मृतक डाक्टर के परिवार ने सोमवार को सियालदह अदालत के न्यायाधीश से कहा कि वे अपनी बेटी के लिए न्याय चाहते हैं, 17 लाख का मुआवजा नहीं। अदालत द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार को उन्हें 17 लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिए जाने के बाद पीड़ित परिवार के सदस्यों के हवाले से यह बात कही।

**पीड़ित परिवार की कोर्ट से अपील**

**हमें न्याय चाहिए, 17 लाख नहीं**

### कोहरे के कारण पिकअप-ट्रक की भिड़ंत

## हादसे में 2 लोगों की मौत

### ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़कर मौके से हुआ फरार




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नागौर/जयपुर।** जिले के मारवाड़ मूंडवा में सोमवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज नागौर के अस्पताल में चल रहा है।

यह हादसा बीकानेर-अजमेर नेशनल हाईवे 58 पर सुबह करीब 8.40 बजे हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घने कोहरे की वजह से यह सड़क हादसा हुआ है। मुंडवा थानाधिकारी सुमन बुंदेला ने बताया कि पिकअप और ट्रक की टक्कर में कुचेरा निवासी सुरेश पुत्र पापालाल सांखला व रमजान पुत्र फतेह मोहम्मद की मौत हो गई। दोनों शव मुंडवा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वहीं, 4 गंभीर घायल राकेश, हुक्माराम, कमल, श्रवणराम को नागौर रेफर किया गया है। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है, जिनके पहुंचने के बाद आगे की कारवाई की जाएगी। ट्रक ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई है।

## सोपोर में भारतीय जवान शहीद



**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। जवान जालूरा गुज्जरपति में एक ठिकाने पर आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में घायल हो गया था और मुठभेड़ स्थल से बाहर ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इलाके में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन जारी है। आतंकियों को मार गिराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## यूपीः स्लीपर बस और ट्रक में टक्कर

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले में एक ट्रक और स्लीपर कोच वाली बस के बीच जोरदार टक्कर का मामला सामने आया है। एक्सीडेंट की ये घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बताया जा रहा है कि कार को बचाने चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर दूसरे लेन में जा घुसा। वहीं सामने से आ रही बस से जाकर ट्रक टकरा गया। रामपुर से जयपुर जाते समय स्लीपर कोच बस और अनियंत्रित ट्रक के बीच भीषण टक्कर हुई है। ट्रक और बस की टक्कर में लगभग 17 लोग घायल

**बुलंदशहर में 17 यात्री घायल**

**आठ गंभीर घायलों को हायर सेंटर भेजा**




हुए हैं। इनमें से 8 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। बुलंदशहर में नेशनल हाईवे 509 का बताया जा रहा है, जहां ये भीषण सड़क हादसा हुआ है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान खिड़की काट कर बस में फंसे ड्राइवर को बाहर निकाला गया। एसडीएम डिबाई की मौजूदगी में डिबाई पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। रोड पर खड़े ट्रक और बस को हटा दिया गया है। सुचारू रूप से यातायात चालू कर दिया गया है।

### बेंगलुरु के दो इंजीनियर डिजिटल अरेस्ट

## 12 करोड़ की ठगी, दो गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** डिजिटल अरेस्ट के जरिए बेंगलुरु के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर से तकरीबन 12 करोड़ की ठगी करने के मामले में बेंगलुरु पुलिस ने दो आरोपियों को अरेस्ट करने में सफलता पाई है। तरुण और करन नाम के इन आरोपियों ने ईडी और कस्टम अधिकारी बनकर टेकी विजय कुमार को पहले डिजिटल अरेस्ट किया और फिर उनके अकाउंट में मौजूद लगभग 12 करोड़ रुपए के वेरिफिकेशन के नाम पर अलग अलग बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवाकर इस ठगी को अंजाम दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों आरोपियों को इस बात की सूचना मिली थी कि विक्टिम विजय कुमार ने शेयर मार्केट में बड़ा निवेश किया हुआ है जिसके चलते उनके पास 11 करोड़ 84 लाख रुपए जमा हो गए थे।

बेंगलुरु नार्थ डिवीजन के तहत जीकेवीके में रहने वाले इस युवक को जब तक ये पता चला कि उसके साथ डिजिटल ठगी हुई है तब तक उसकी सारी कमाई लुट गई। इस युवक ने पुलिस की साइबर, इकोनॉमिक और नारकोटिक्स यानी सीईएन



ब्रांच में 12 दिसम्बर को एक शिकायत दर्ज करवाई। इस शिकायत में युवक ने पुलिस को बताया कि 11 नवंबर और 12 दिसंबर के बीच डिजिटल ठगों ने इससे 11 करोड़ 84 लाख रुपये ऐंठ लिए।

### प्रयागराज महाकुंभः 2025

## 12 साल बाद ही क्यों लगता है महाकुंभ

**प्रयागराज।** महाकुंभ पर्व हर बारह साल में एक बार होता है, जबकि अर्धकुंभ हर छह साल के अंतराल में आयोजित होता है। प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक आदि स्थानों पर, इन बड़े अवसरों पर, प्राचीन काल से ही बड़े मेले लगते आए हैं। यदि ज्योतिषीय दृष्टिकोण से देखा जाए, तो पूर्ण कुंभ पर्व का विशेष महत्व है। जब बृहस्पति मेष राशि में और सूर्य तथा चंद्रमा मकर राशि में होते हैं, तो उस नक्षत्र योग में पूर्ण कुंभ आयोजित होता है। स्वाभाविक रूप से, हर वर्ष माघ के महीने में सूर्य और चंद्रमा मकर राशि में होते हैं, लेकिन बृहस्पति का मेष राशि पर आना बारह साल में एक बार ही होता है, तभी महाकुंभ महापर्व का आयोजन होता है।

**क्या है नागा साधुओं की पेशवाई का इतिहास**

महाकुंभ में नागा साधुओं की पेशवाई एक प्रमुख आकर्षण होती है, जो न केवल धार्मिक आस्था, बल्कि भारतीय वीरता और संघर्ष का प्रतीक है। इन साधुओं ने



ऐतिहासिक रूप से सनातन धर्म की रक्षा के लिए कई आक्रमणों का सामना किया, जिनमें 17वीं शताब्दी का अफगान आक्रमण प्रमुख था। नागा साधुओं ने सनातन के लिए मुगलों ही नहीं अंग्रेजों से भी लोहा लिया। नागा साधुओं की वीरता और समर्पण की गाथा नगर प्रवेश की परंपरा के रूप में हर महाकुंभ का हिस्सा है, जो भारतीय समाज की गौरवपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है।

### कुंभ का इतिहास

सम्राट हर्षवर्धन के समय में, चीनी ह्वेन त्सांग ने कुंभ के अवसर पर प्रयाग में आयोजित महासम्मेलन का वर्णन किया है, जिसमें स्वयं सम्राट हर्षवर्धन भी शामिल हुए थे। ध्यान देने योग्य यह है कि न केवल हर्षवर्धन, बल्कि कुंभ के इस अवसर पर यह परंपरा रही थी कि कन्नौज के पूर्ववर्ती शासक प्रयाग जाकर सिद्ध, ऋषि-महात्माओं के दर्शन व पूजन करते थे, साथ ही निर्धनों और अनाथों को दान भी देते थे। एक महीने तक प्रतिदिन दीन-दुखियों को दान देने का सिलसिला चलता रहा, और यह दान इतना अधिक था कि राजकोष खाली हो गया। जब सम्राट हर्षवर्धन के पास दान करने के लिए कुछ नहीं बचा, तो हर्षवर्धन ने अपनी मुकुट-मणी तक दान कर दी। अपने शरीर पर पहने गए गहनों और मूल्यवान वस्त्रों का भी उन्होंने दान कर दिया।

CMYK CMYK

# जिलों व संभागों का दर्जा खत्म करने पर बोले पायलट...

# बिना चर्चा और पारदर्शी मापदंड के सरकार का निर्णय पूरी तरह गलत

>> कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट का जगह-जगह हुआ स्वागत
>> उदयपुर से पाली जिले से होते हुए सिरोही जा रहे थे पायलट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के आगमन पर उदयपुर-पाली सीमा पर पूर्व जिलाध्यक्ष चुन्नीलाल चाड़वास व पूर्व उपाध्यक्ष पशुधन विकास बोर्ड के नेतृत्व में साफा व 51 किलो की माला पहनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया। इस मौके पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोर्वधन देवासी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हाजी मेहबूब टी, महिला कांग्रेस महामंत्री रेखा परिहार, भैरुसिंह राजपुरोहित ठाकुरला, मांगूसिंह दुदावत, सेवादल के पूर्व अध्यक्ष भैराराम गुर्जर, रोहित कच्छवाहा, रणजीतसिंह राजपुरोहित भारलाऊ, नितेश देवासी, शंकरलाल गोरख्या सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। तत्पश्चात पायलट का काफिला देसूरी, घाणेराव, सादड़ी, मुंडारा, बाली, फालना, सांडेराव, पोमावा, सुमेरपुर होते हुए सिरोही के लिए रवाना हो गया।





**देसूरी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का देसूरी आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राठेलाव चौराहे पर माल्यार्पण कर उत्साह के साथ स्वागत किया। पायलट ने कुछ समय रुककर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं व विचारों को सुना। इसके बाद वे सिरोही के लिए रवाना हो गए। पायलट के साथ पीसीसी सदस्य दुर्गासिंह राठौड़ सहित कई अन्य नेता भी थे। स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रमोदपाल सिंह मेघवाल, युवक कांग्रेस जिला सचिव प्रदीप मीणा, अल्ताफ राजा, ब्लॉक संगठन महामंत्री अमरसिंह पंवार, घाणेराव उप सरपंच दिनेश आदिवाल, भंवरसिंह राजपुरोहित, नवाबखान पठान, फकीरभाई, रमेश आना, मनोहरसिंह परिहार, जयसिंह रानीगांव, वि' मसिंह छोडा व दलपतसिंह डायलाना भी शामिल थे। यहां बातचीत के दौरान पायलट ने जिलों और संभागों को समाप्त करने के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि बिना चर्चा और पारदर्शी मापदंड के सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय पूरी तरह गलत है। उन्होंने सवाल उठाया कि एक साल बाद ऐसा क्या बदला जो इस फैसले की जरूरत पड़ी। पायलट ने कहा कि सरकार ने न तो कोई भौगोलिक मापदंड तय किया और न ही किसी अन्य पारदर्शी आधार का पालन किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे इस मुद्दे को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाएंगे। उधर पायलट के आगमन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार नजर आया। उनके स्वागत के लिए दूर-दूर से लोग आए, जिससे पार्टी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी प्रदर्शन हुआ।

## जन-जन तक पहुंचाएं कांग्रेस की रीति-नीति व विचारधारा : पायलट

### सुमेरपुर में 21 किलो की माला पहनाकर किया स्वागत

**सुमेरपुर।** पूर्व उप मुख्यमंत्री व एआइसीसी महासचिव सचिन पायलट का सोमवार को सड़क मार्ग से उदयपुर से सिरोही जाते वक्त सुमेरपुर पहुंचने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीशंकर मेवाड़ा व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नेपालसिंह पावा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। एनएच 62 पोमावा पुलिया पर स्वागत कार्य' म रखा गया। जहां करीब दो बजे पायलट के पहुंचने पर डीजे व ढोल-ढमाकों के बीच मेवाड़ा ने साफा पहनाकर एवं पावा व पाली ब्लॉक अध्यक्ष गणेश चौधरी ने 21 किलो की माला तथा पूर्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगदीश राजपुरोहित ने कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं द्वारा जेसीबी से पुष्प वर्षा कर उत्साह दिखाया गया। पायलट ने मान-सम्मान के लिए सभी का आभार जताया एवं कहा कि भाजपा सरकार के एक साल के कार्यकाल की नाकामियां आमजन को बताएं। कांग्रेस पार्टी की रीति.नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए जनता की आवाज सुने, उनकी पीड़ा को समझें और उनके लिए काम कर कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए आगामी चुनावों में जीत का परचम लहराएं। इसके बाद वे सिरोही के लिए रवाना हो गए। इस मौके पर उप प्रधान गजेन्द्रसिंह राणावत, नाहरसिंह जाखोड़ा, पदमसिंह जाखोड़ा, मानसिंह रामनगर, राजेन्द्रसिंह जाखोड़ा, पस सदस्य फुलाराम देवासी, पूर्व जिला सचिव मुकेश बारोलिया, आनंदसिंह बड़ली, पालडीजोड़ सरपंच महेन्द्रसिंह मेवाड़ा, नेतरा सरपंच छगन सोलंकी, नोवी के समाजसेवी विनोद राठौड़, गुणराज मीणा, शैतानकुमार, शंकरलाल देवासी, अचलाराम पुराड़ा, मांगीलाल राजपुरोहित पुराड़ा, जसवंत बलवना, हरीश बाला, सुरेश परमार, पुखराज परमार, मनोहर परमार, गोपीलाल सरगरा, मूलसिंह बलाना, भगवतसिंह हिंगोला, तखतगढ़ नगर अध्यक्ष फुटरमल, खीमाराम, तगाराम, संजयकुमार, हीरा महाराज, कस्तुराराम मीणा, नासिर खान, लखन मीणा, अमृत परिहार, प्रताप सरगरा, ईश्वरसिंह पोमावा, कमलेश चौहान, अल्केश परिहार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



## पायलट ने किया महाराणा प्रताप को नमन

**बाली।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट का बाली आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया। पायलट ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लॉक अध्यक्ष यशपालसिंह राजपुरोहित, नगर अध्यक्ष अकरम कुरैशी, पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल भाटी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। मीडिया से बातचीत में पायलट ने राजस्थान सरकार की ओर से जिलों और संभागों का दर्जा समाप्त करने के निर्णय की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से गलत है और इसमें कोई पारदर्शिता नहीं है। पायलट ने सवाल उठाया कि एक साल के अंतराल में ऐसा क्या बदलाव आया कि सरकार को यह कदम उठाना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने इस निर्णय के लिए न तो कोई भौगोलिक मापदंड तय किया और न ही कोई अन्य पारदर्शी आधार बनाया। उन्होंने यह मुद्दा विधानसभा में उठाने की बात कही।



## पुष्पवर्षा कर किया पायलट का स्वागत



**सादड़ी।** कस्ब के आखरिया चौक में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का सोमवार को आगमन पर कार्यकर्ताओं ने साफा व माला पहनाकर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष राकेश मेवाड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पाली को पुनः संभाग बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा। मेवाड़ा ने उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को विभिन्न मांगों से भी अवगत करवाया। युवा कांग्रेस बाली विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश संवशा ने भी ब्लड बैंक खुलवाने, निशुल्क पुस्तकालय स्थापित करवाने और खेल मैदान बनवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष शंकरलाल भाटी, दिनेश मीणा, पार्षद ओमप्रकाश बोहरा, रमेश प्रजापत, वसीम नागौरी, ओमप्रकाश परिहार, महिला कांग्रेस नेता मधु सुथार, नेमाराम चौधरी, मंगल बोहरा, शंकर देवड़ा, अमृत परमार, दिलीप मेवाड़ा, हरीश भाटी, नवीन मीणा, गजाराम जाट, कन्हैयालाल मीणा और महेन्द्र मीणा भी मौजूद थे।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न कानून की दी जानकारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व एडीऐ वि' मसिंह भाटी के निर्देशानुसार सोमवार को जीएनएम प्रशिक्षण केन्द्र में शिविर आयोजित कर कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न को लेकर बने कानून की जानकारी दी गई। शिविर में अधिकार मित्र मांगीलाल तंवर ने लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, उसके तहत गठित स्थानीय आंतरिक समितियों की कार्यप्रणाली, सी बॉक्स पोर्टल, पीड़ित प्रतिकर स्कीम एवं इसकी पात्रता, दहेज प्रथा कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रतिषेध अधिनियम आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्राप्त कर रही विधि विद्यार्थी भव्या करणी भाटी द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तालुका विधिक सेवा समितियों के बारे में बताते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता, निशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया गया। गोपाराम द्वारा संविधान के मौलिक कर्तव्य, बालकों व महिलाओं के कानूनी अधिकार आदि के बारे में बताया गया। हर्षिता चौहान द्वारा साइबर अपराध एवं इससे निपटने हेतु बने कानून,ए नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100 आदि के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। कार्य' म में जीएनएमटीसी बांगड़ चिकित्सालय के उप प्रधानाचार्य रमेश सोलंकी भी मौजूद थे।




## जाखोड़ा बने उदयपुर जिले के प्रभारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सुमेरपुर।** छात्र संगठन एनएसयआइ ने सुमेरपुर निवासी एनएसयूआइ के प्रदेश महासचिव राजेन्द्रसिंह जाखोड़ा को उदयपुर जिले का प्रभारी नियुक्त किया हैं। इस नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़, प्रदेश प्रभारी साहिल शर्मा, अखिलेश यादव व शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र मेघवाल ने बताया कि राजेंद्रसिंह जाखोड़ा लंबे समय से संगठन में काम कर रहे है। जाखोड़ा ने सुमेरपुर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनावों में अहम भूमिका निभाते हुए कई महाविद्यालय में पूरे पैनल के साथ एनएसआइ को जिताया। संगठन के हर धरने आंदोलन में जयपुर से लेकर दिल्ली तक मजबूती से कार्यकर्ताओं के साथ भाग लिया। इसी कार्य को देखते हुए जाखड़ ने अहम जिम्मेदारी दी है। जाखोड़ा उदयपुर में संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

## सिंचाई कर जमा करवाने शिविर आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** जवाई नहर खंड की ओर से सिंचाई कर वसूली को लेकर शिविर लगाए गए हैं। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि जवाई बांध से लाभान्वित कृषक जवाई बांध से संचालित नहरों द्वारा सिंचाई कर की वसूली के लिए जवाई कमांड एरिया में स्थित विभिन्न गांवों व कस्बों में जल उपयोक्ता संगमों व सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में शिविर लगाए गए हैं। जिसमें बकाया वर्ष 2010 से 2013 तक 2015 से 2018 तक एवं 2019 से 2023 तक की वसूली की जा रही है। जिन काश्तकारों द्वारा वर्ष 2022-23 तक का सिंचाई कर जमा नहीं करवाया गया तो उनका नाम बाराबंदी से हटा दिया जाएगा।

## पटवारियों ने मांगों को लेकर निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राजस्थान पटवार संघ के बैनर तले पटवारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर अंबेडकर सर्किल से कलेक्ट्रेट तक पैदल रैली निकाली। प्रमुख शासन सचिव के नाम एडीम बजरंगसिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पटवार संघ की मांगें लंबित चल रही है। लेकिन सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे पटवारियों की ओर से कार्य का बहिष्कार कर उपखंड स्तर पर धरना विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। पटवार पद की रिव्यू डीपीसी के प्रकरणों का भी निस्तारण नहीं हुआ। गिरदावरी एप में भी संशोधन करवाए जाए, साथ की हार्ड ड्यूटी भत्तों को बढ़ोतरी की जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में पटवारी मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** सरकार की ओर से यूटीबी के पद समाप्त करने के विरोध में नर्सिंगकर्मियों की ओर से मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर बजरंगसिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि यूटीबी के पद समाप्त कर दिए गए। नई भर्ती में उन्हें प्राथमिकता दी जाए। कोरोना काल के दौरान उन्होंने सरकार से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया था लेकिन सरकार ने अचानक उन्हें इस पद से मुक्त कर कर कुठाराघात किया है। जबकि लंबे समय से सरकार के अल्प वेतन में भी भी कार्य करते हुए आए हैं।

## विद्यालय में सहयोग की घोषणा पर किया सम्मान

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नाडोल।** कस्बे के राजकीय माध्यमिक विद्यालय नंबर एक में वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की प्रेरणा से प्रवीणकुमार मोटाबा चौधरी नाडोल की ओर से अपने पिता की स्मृति में कोल्ड वाटर विथ आरओ सिस्टम भेंट करने की घोषणा की गई। रमेशकुमार चौधरी, हेमराज चौधरी हाल पुणे व कानाराम कालबेलिया जोगी ने विद्यालय के रंग रोगन की घोषणा की। इस पर विद्यालय परिवार की सभी भामाशाहों का स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर केके शाह, पूर्व उपसरपंच रूपाराम चौधरी, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष ओगडराम चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रधानाध्यापक सुमेरसिंह, शारीरिक शिक्षक राजेन्द्रसिंह सहित विद्यालय परिवार ने भामाशाहों के सहयोग की सराहना की।

## चबूतरा तोड़ने पर नायक समाज में आक्रोश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** नायक समाज के लोगों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर बजरंगसिंह को ज्ञापन सौंप रामपुरा गांव में उनके समाज की साध्वी के वर्षों पुराने चबूतरे को तोड़ने पर विरोध जताया। ज्ञापन में बताया कि रामपुरा गांव में नायक समाज की साध्वी का वर्षों पुराना चबूतरा स्थापित है। जहां पर समाज के लोग समय-समय पर पूजा अर्चना करते है। लेकिन वडेरवास गांव के अमराराम (सरपंच पति) द्वारा अन्य लोगों के साथ मिलकर चबूतरे को तोड़ दिया गया। जिससे नायक समाज के लोगों की धार्मिक भावना को ठेस पहुंची है। घटना का विरोध करने पर सरपंच पति और उसके सहयोगियों द्वारा उनके समाज पर कई तरह के गलत व्यंग्य किए गए। इस मामले को लेकर सदर थाने में रिपोर्ट भी दी गई। लेकिन पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञापन में यह भी बताया कि अमराराम लंबे समय से नाडी की भूमि पर अति' मण कर अवैध तरीके से प्लॉट काट रहा है। जिसकी शिकायत समाज की ओर से संबंधित अधिकारी को की गई थी। जिससे समाज के प्रति द्वेषभावना रखते हुए समाज की साध्वी के चबूतरे को तोड़ दिया गया। ज्ञापन में सरपंच पति व अन्य दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए चेतावनी दी गई कि अगर समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो समाज की ओर से धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## उन लोगों को मिले पुरस्कार, जिन्होंने गुमनामी में रह किया अच्छा कार्य : मंत्री

### गणतंत्र दिवस को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पाली।** जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बजट घोषणाओं, भूमि आवंटन, राइजिंग राजस्थान में बकाया कार्यो एवं बिजली, चिकित्सा को लेकर समीक्षा की। जिला कलक्टर ने गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होने वालों की सूची में ऐसे लोगों के नाम भेजने का सुझाव दिया कि जो समाज के लिए कार्य कर रहे एवं ईनाम की चाहत नहीं रखते हुए गुमनामी में अच्छा कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि कार्मिकों को वेतन मिलता है उनके लिए पुरस्कर अतिरिक्त प्रोत्साहन होता हैं। परन्तु ऐसे लोगों का सम्मान हो तो और भी अच्छा होगा जो गुमनामी में बिना ईनाम की इच्छा के कार्य कर रहे है। उन्होंने गणतंत्र दिवस के गरिमामय व सफल आयोजन के लिए विस्तार से तैयारियों की समीक्षा की व इसमें विभिन्न विभागों की झांकियों, विभिन्न विभागों की भागीदारी व प्रदर्शन के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही 24 जनवरी को लेकर गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या व आयोजन के फाइनल रिहर्सल के लिए आवश्यक निर्देश दिए। राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के तहत भूमि आवंटन संबंधी कार्यवाही के संबंध में विस्तृत चर्चा कर निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार कार्यो की प्रगति व योजनाओं की समीक्षा की। जिनमें उन्होंने जनाधार सिंडिग, पेयजल विभाग, टंकी सफाई, जेजेएम की प्रगति, सड़कों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण को सार्वजनिक निर्माण विभाग को, विद्युत निगम को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, विभिन्न विद्युत कनेक्शन की स्थिति, एफआरटी की स्थिति व सूचना, चिकित्सा विभाग की योजनाओं व बांगड हॉस्पिटल में उपचार व विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंगसिंह, एडीएम सीलिंग भवानीसिंह, यूआइटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री ने 975 बालिकाओं को बांटी साइकिलें

### छात्राओं के खिले चेहरे




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय निःशुल्क साइकिल वितरण कार्य' म मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के सानिध्य में आयोजित किया गया। उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार, प्रधान उर्मिलाकंवर, ब्लॉक विकास अधिकारी प्रमोद दवे, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धनाराम सोलंकी, नोडल प्रभारी गजेन्द्रसिंह राणावत एवं डिम्पल चौधरी भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि कुमावत ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए दूर-दराज से आने वाली 975 बालिकाओं को साइकिलें वितरित की एवं कहा कि हर परिस्थितियों में अपनी पढ़ाई को सुचारू रखें एवं बालिका शिक्षा के प्रतिशत को ऊपर तक ले जाएं। एसडीएम कुम्हार ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह योजना चलाई जा रही है। नोडल प्रभारी राणावत ने योजना पर विस्तृत जानकारी दी। सीबीइओ सोलंकी ने आभार प्रकट किया। साइकिल वितरण प्रभारी शिवदयाल सोनी व बलवीरसिंह राणावत ने कार्य' म में सहयोग किया। इस मौके पर विद्यालय एसएमसी सदस्य उमरावसिंह राठौड़, बाबूलाल, नरेन्द्र आस्था, मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल, गणेश भाटी, महेन्द्र माली, जाफर सिलावट, इन्द्रसिंह राठौड़, परबतसिंह, अनोपसिंह राठौड़, प्रेमचंद बरूद, मुकेश मोदी, पुखाराम आदि मौजूद रहे।

# मामावली से वाडेली सड़क का हुआ लोकार्पण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुम्बाराम चौधरी, प्रधान हसमुख मेघवाल ने मामावली से पुरानी वाडेली डामरीकरण सड़क का लोकार्पण किया। इस दौरान अतिथियों ने सड़क के लोकार्पण पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे एक सुखद पल बताया। ग्राम पंचायत सरतरा के राजस्व ग्राम मामावली में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा मामावली से वाडेली को जोडने वाली नवनिर्मित डामरीकरण सड़क से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। सात किलोमीटर तक की सड़क के लिए 350 लाख की स्वीकृति हुई है। कृपाराम देवासी, हमीराराम मेघवाल, वेलाराम पुरोहित, हार्दिक देवासी, छैलसिंह, महावीरसिंह, रणछोड पुरोहित, माधवसिंह, कलाराम देवासी, नारायण पुरोहित, बलराम सुथार, शैतानसिंह एवं शैलसिंह सहित अन्य उपस्थित थे।





## राज्य मंत्री देवासी एवं सांसद चौधरी ने की जनसुनवाई

राज्य मंत्री ओटाराम देवासी एवं सांसद लुम्बाराम चौधरी ने रविवार शाम को सर्किट हाउस में आमजन की परिवेदनाओं को सुना एवं उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आमजन की विभिन्न समस्याओं के समाधान राज्यमंत्री ने तत्परता दिखाते हुए फोन पर ही कर दिए जिस पर परिवादियों ने खुशी व्यक्त की। जनसुनवाई के दौरान रोहित खत्री, गोपाल माली, लोकेश खंडेलवाल, महेंद्र माली, जब्बरसिंह, अनिल प्रजापत, सुनील गुप्ता, जीतु खत्री, निम्बाराम देवासी, शैतानसिंह परमार, गोविन्द माली, गोविन्द सैनी, दिनेश वैष्णव, रमजान खान, इरसाद खान, भंवर माली, प्रकाश राजपुरोहित सहित अन्य उपस्थित थे।

## सॉफ्टबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** किवरली के सर्वोदय विद्यालय में सोमवार को जम्मू में आयोजित राष्ट्रीय साफ्टबॉल के खिलाड़ी देवराजसिंह व कोमल कंवर का स्वागत किया गया। शिक्षक चम्पालाल के अनुसार दोनों खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य भवानीसिंह, पृथ्वीसिंह, अशोक पुरोहित, आनंदसिंह, हितेश पुरोहित, कैलाश रावल, भैराराम बामनिया, भवानीशंकर पुरोहित, देवीलाल पुरोहित, परवीनसिंह देवड़ा, शोभा कुमारी, रवीना कुमारी, सेफाली कुमारी, खुशबू कुंवर आदि उपस्थित थे।

## दस माह में मोतियाबिंद पीड़ित एक हजार लोगों को मिली राहत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** एसबीआई फाउण्डेशन एवं तारा संस्थान उदयपुर की ओर से जिले में पिछ्ले 10 माह में 64 निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। तारा संस्थान के इन शिविरों में लगभग 13 हजार 600 लोगों ने आंखो की जांच कराई। जिसमें 1 हजार मोतियाबिन्द के ऑपरेशन किए गए। इन शिविरों में 6 हजार चश्मे एवं 9 हजार के लगभग दवाइयां वितरित की गई। संस्थापक एवं अध्यक्ष श्रीमती कल्पना गोयल ने बताया कि आगे भी निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन किया जाएगा।


## खून गाढ़ा होने से होती हैं बीमारियां: पद्मश्री डॉ. खादरवली

### मोटे अनाज के लगातार उपयोग से पतला होता है रक्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** शांतिवन के डायमंड हाल में मिलेट्स की उपयोगिता और स्वास्थ्य सलाह को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता आंध्रप्रदेश के कडप्पा से आए पद्मश्री डॉ. खादरवली ने कहा कि बड़े षड़यंत्र के तहत हमारे खाने को खराब किया गया है। वर्तमान में हम जो खा रहे हैं वास्तव में वह मानव के खाने के लायक नहीं है। क्योंकि हमारे स्वास्थ्य, खून का संतुलन इस खाने से बिगड़ गया है। गेहूं, चावल खाने से खून में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ जाती है और खून गाढ़ा हो जाता है। इससे शरीर में बीमारियां पैदा होती हैं। ग्लूकोज से हमारे शरीर को शक्ति मिलती है। लेकिन, गेहूं और चावल खाने से हमारे शरीर में ग्लूकोज के संतुलन को बिगाड़ देता है। वहीं मिलेट्स (मोटा अनाज) खाने से शरीर में ग्लूकोज की मात्रा संतुलित रहती है। जिससे शरीर बीमारियों से बचा रहता है। श्रीधान्य खाने से हमारा खून पतला होता है और हम बीमारियों से बचे रहते हैं। डॉ. खादरवली ने कहा कि मिलेट्स हमारे पुरानी परंपरा से चला आ रहा अनाज है। इसमें विटामिन, मिनरल्स, प्रोटीन, और फाइबर जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। मिलेट्स खाने से वजन घटाने में मदद मिलती है। यदि हम अपने भोजन में मोटा अनाज जैसे रागी, कुटकी, कंगनी, बाजरा, मक्का, ज्वार आदि शामिल करते हैं तो आधी बीमारियों ऐसे ही दूर हो जाएंगी। डॉ. खादरवली ने कहा कि मोटे अनाज को हम बिना पानी के उगा सकते हैं। लेकिन चावल और गेहूं को बिना पानी के नहीं उगा सकते हैं। संचालन शिक्षा प्रभाग की मुख्यालय संयोजिका बीके शिविका ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाई-बहन मौजूद रहे।



## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ कार्यालय में आबूरोड शाखा तीन की शाखा परिषद के चुनाव हुए। मंडल अध्यक्ष के निर्देश पर चुनाव अधिकारी मंडल उपाध्यक्ष सुधीर जोशी ने करवाए। मंडल उपाध्यक्ष सुधीर जोशी ने आभार जाताया। जोशी को एक बार फिर से अध्यक्ष व नरेश सैनी को सचिव पद के लिए चुना गया। दोनों पदाधिकारी ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें उपाध्यक्ष इन्द्रसेन महावर, असद उल्लाह संयुक्त सचिव, सुनील शुक्ला व मुकेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष भूरालाल मीणा, सहायक सचिव योगवर्धन मिश्रा मनोनीत किया गया। नीरज शर्मा, बालमुकुंद को कार्यकारिणी में पदाधिकारी बनाया गया। चुनाव अधिकारी मंडल उपाध्यक्ष ने अनुमोदन कर बधाई व शुभकामनाएं दी। निर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जोशी व सचिव सैनी ने विचार व्यक्त किए।

## 'जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का किया वादा'



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के इको सिस्टम को मजबूती देने के लिए नीति आयोग व एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन के बीच साझेदारी हुई हैं। देश के पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा, सशक्तीकरण, आगामी एक वर्ष में देश के 104 प्रखंडों के 15 हजार गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। जन चेतना संस्थान ने साझेदारी का समर्थन करते हुए कहा कि इस कदम से उनकी कोशिशों को एक नई उर्जा और गति मिली है। एवीए व जन चेतना संस्थान दोनों ही बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रहे हैं। 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी हैं। बाल विवाह व बच्चों की ट्रैफिकिंग की निगरानी और रोकथाम के लिए लक्षित गांवों में पंचायत स्तर पर लोगों की आवाजाही तथा विवाहों के ब्योरे दर्ज करने के लिए रजिस्टर रखे जाएंगे। इस अवसर पर एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने विचार व्यक्त किए।

## नई पहल, कचरे से बन रही खाद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** पालिका के स्वच्छता पार्क मानपुर में ग्रीन टूमारों प्रोजेक्ट के तहत चल रहे कार्य का उपखण्ड अधिकारी शंकरलाल मीणा, तहसीलदार मंगलाराम मीणा और ब्लॉक विकास अधिकारी पुखराज ने निरीक्षण किया। उन्होंने इस परियोजना की खूब तारीफ की। यहां सूखे कचरे को 32 अलग-अलग श्रेणियों में बांटा जा रहा है और उनसे उपयोगी चीजें बनाई जा रही हैं। गीले कचरे से जैविक खाद बनाई जा रही है। जिसे आबू खाद के नाम से ब्रांड करके लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि यहां नारियल के छिलकों से कोकोपीट भी तैयार किया जा रहा है। इस स्वच्छता पार्क में काम करने वाले लोगों को पहले कचरा बीनकर गुजारा करना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें 11 हजार रुपए महीने का वेतन मिलता है। इस तरह कचरे से 25 लोगों को रोजगार मिला है। उपखंड अधिकारी ने टीम फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए पूरे आबूरोड को जीरो वेस्ट बनाने पर जोर दिया। उन्होंने उन लोगों को भी शुभचिंतक बताया जो घर से ही गाड़ी में कचरा अलग-अलग करके दे रहे हैं। आबूरोड का यह मॉडल दिखाता है कि कैसे कचरे को संसाधित करके न केवल पर्यावरण को बचाया जा सकता है, बल्कि लोगों को रोजगार भी दिया जा सकता है। यह पूरे देश के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।



## योग और ध्यान पर कार्यशाला का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजकीय कन्या महाविद्यालय राजसमंद में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में योग और ध्यान पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। सुनीता गोदारा ने बताया कि आज कोऑपरेटिव विभाग राजसमंद से आए अतिथि इंस्पेक्टर कुलदीपसिंह शेखावत ने दो सत्रों में योग और ध्यान पर कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें योग और ध्यान के महत्व के साथ-साथ स्वयं सेविकाएं किस प्रकार अपने मन पर नियंत्रण और शांत कर सकती है और योग से सत्य की प्राप्ति कैसे की जा सकती हैं से अवगत कराया। तृतीय सत्र में कार्यं म अधिकारी सुनीता गोदारा ने छात्राओं से मायभारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाया। डॉ मुकेश कुमार मेनारिया ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कुलदीपसिंह गहलोत, चैनराम जोशी, कौशल्या शर्मा आदि मौजूद थे।



## राजसमंद में की 10 मंडल अध्यक्षों की घोषणा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** भाजपा के संविधान पर्व के तहत राजसमंद भाजपा द्वारा 10 मंडल अध्यक्ष एवं 6 प्रतिनिधियों की घोषणा जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बोहरा एवं सह चुनाव अधिकारी नन्दलाल सिंघवी ने की। जिला मीडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालिवाल ने बताया कि राजसमंद विधानसभा में मीरा मंडल अध्यक्ष सोहनी देवी गुर्जर, प्रताप मंडल अध्यक्ष हमेरसिंह बल्ला, राणाराजसिंह मंडल अध्यक्ष, गोपाल श्रीमाली राजसमंद नगर मंडल अध्यक्ष, दिनेश कुमावत कुरज मंडल अध्यक्ष, छीतर जाट कुंभलगढ़ विधानसभा में आमेट नगर मण्डल अध्यक्ष, राधेश्याम खटीक केलवाडा मण्डल अध्यक्ष, रणजीतसिंह पंवार चारभुजा मण्डल अध्यक्ष, सोहनलाल गुर्जर कुकर खेडा मण्डल अध्यक्ष, नारायणसिंह दिवेर मण्डल अध्यक्ष, यशवंतसिंह पंवार की नियुक्ति की। प्रतिनिधि पर केलवाड़ा मण्डल दीनदयाल गिरी गोस्वामी, चारभुजा मण्डल किशनलाल पंचोली, मीरा मण्डल कालूसिंह राठौड़ख कुरज मण्डल राजेंद्र व्यास एवं प्रताप मंडल मुकेश जोशी की नियुक्ति की।



### पटवारियों ने भरी हुंकार

## जिला मुख्यालय पर रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** विगत 7 दिनों से चल रही पटवार संघ का कार्य बहिष्कार अब आंदोलन का रूप लेता नजर आ रहा है। प्रदेशस्तर के आह्वान पर 13 से सभी तहसील मुख्यालय पर पटवारियों द्वार अपनी 9 सूत्री मांग पर धरना दिया जा रहा है। उसी क्रम में प्रदेश स्तर के आह्वान पर जिले के समस्त पटवारियों द्वारा रैली प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष रोहित पालीवाल ने बताया कि 13 तारीख से तहसील मुख्यालय पर पूर्ण कार्य बहिष्कार कर धरना देकर सरकार को हमारी मांग से अवगत करवाया गया। जिला पटवार संघ की जिला शाखा पर एकत्रित हो कर रैली सिविल लाइंस से 100 फीट रोड होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंप पटवार संघ की मांगो से अवगत करवाया गया। जिलाध्यक्ष रोहित पालीवाल ने बताया कि पूर्व में 9 सूत्रीय मांग थी, पटवार संघ की जो मूल मांग 3600 ग्रेड पे की थी। उसे प्रदेश स्तर पर पुनः शामिल कर दिया गया है। अब 10 सूत्रीय मांग के लिए पटवार संघ आंदोलनरत है। प्रदेश स्तर से कानूनगो संघ ने भी पटवार संघ को समर्थन देते हुए आज रैली में शामिल होकर समर्थन प्रदान किया। राजसमंद उपशाखा अध्यक्ष सरोज बाला जोशी, कुंभलगढ़ उपशाखा अध्यक्ष हीतेश राजपुरोहित कुंवारिया उपशाखा अध्यक्ष सुनील मीणा, देलवाड़ा उपशाखा अध्यक्ष लक्ष्मी लाल कुमावत, नाथद्वारा उप शाखा अध्यक्ष गणपत, खमनोर उपशाखा अध्यक्ष गोपेश, रेलमंगरा उपशाखा अध्यक्ष संतराम, देवगढ़ उपशाखा अध्यक्ष किशोरसिंह, भीम उप शाखा अध्यक्ष जसवंतसिंह, आमेट उपशाखा अध्यक्ष प्रकाश सालवी, सरदारगढ़ उपशाखा अध्यक्ष दिनेश शर्मा, गढ़बोर अध्यक्ष सचिन प्रजापति, जिला मंत्री कालूराम कुमावत जिला उपाध्यक्ष रतन पायक, संयुक्त मंत्री प्रेमराज नायक, संगठन मंत्री रवि नायक जिला कानूनगो संघ अध्यक्ष जगदीश पुरोहित आदि शामिल हुए।



## संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का करें निस्तारण: सापेला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में डीओआईटी सभागार में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एडीएम डॉ सापेला ने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में जिले की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिले से संबंधित आवश्यक प्रस्तावों को बजट घोषणाओं में शामिल करवाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने की बात भी कही। उन्होंने बीस सूत्री कार्यं म की दिसम्बर 2024 माह तक की प्रगति पर चर्चा की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, सहायक निदेशक लोक सेवाएं दीपेन्द्रसिंह, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सहीराम विश्नोई, एसई वॉटरशेड संजय दवे, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजेन्द्र पुरोहित, महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक अंकिता राजपुरोहित, आईसीडीएस के उप निदेशक सुबोध जोशी, सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराडी, रिको के एएम चेतन कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## चलती कार बनी आग का गोला, लोगों ने कार से उतरकर बचाई जान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सिलदर आमलारी मार्ग पर सोमवार शाम को एक कार में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। कार में सवार चार जनों ने सूझबूझ दिखाते हुए कार को रोककर बाहर निकलकर जान बचाई।जानकारी के अनुसार कार में सवार लोग एक शादी समारोह से लोट रहे थे। उसी दौरान कार के अगले हिस्से से अचानक धुंआ निकलने लगा उसके बाद आग लग गई। प्रथम दृष्टिया कार में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात सामने आई। आग लगने के बाद कार से तेज लप्टे उठने लगी। इस दौरान आस-पास के लोगों ने पानी के टैंकर के माध्यम से आग पर पानी डालकर आग पर काबू पाया। हालांकि इतने समय में कार जलकर खाक हो गई।



